# आकाशवाणी केन्द्र शिमला
## 09.06.2025 / 1800बजे

### प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि 140 करोड़ भारतीयों के आशीर्वाद और सामूहिक भागीदारी से देश ने पिछले 11 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से बदलाव देखे हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के सिद्धांत से प्रेरित होकर एनडीए सरकार ने गति, पैमाने और संवेदनशीलता के साथ महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस दौरान आर्थिक विकास से लेकर सामाजिक उत्थान तक समावेशी और सर्वांगीण विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया है। प्रधानमंत्री ने लोगों से भारत की विकास यात्रा को जानने के लिए नमो एप पर उपलब्ध वीडियो, इंफोग्राफिक्स और आलेखों जैसी विधाओं के माध्यम से जुड़ने के लिए आमंत्रित किया।

### प्रधानमंत्री–सर्वे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी से नमो ऐप पर भारत की पिछले 11 वर्षों की विकास यात्रा पर सर्वेक्षण में भाग लेने का आग्रह किया है। अपने सोशल मीडिया पोस्ट में, नरेंद्र मोदी ने एक पोर्टल का लिंक भी साझा किया। यहां कोई भी व्यक्ति पिछले 11 वर्षों में भारत की विकास यात्रा के बारे में जन मन सर्वेक्षण में भाग ले सकता है।

### नड्डा–11 वर्ष

केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने बेहतर सुशासन की राजनीति और जिम्मेदार तथा जवाबदेही की सरकार देकर देश की राजनीतिक संस्कृति को बदल दिया है। मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेवलन को संबोधित करते हुए, जे.पी.नड्डा ने कहा कि सरकार ने देश के राजनीतिक परिदृश्य को बदलकर एक नया मानदंड स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि अतीत में राजनीति अक्सर सत्ता को बचाए रखने के उद्देश्य से तुष्टीकरण की रणनीतियों से प्रेरित होती थी। उन्होंने केंद्र की एनडीए सरकार को एक प्रभावी सरकार बताया जो साहसिक निर्णय लेने में सक्षम है।

### मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि उनकी सरकार किन्नौर ज़िला में निर्माणाधीन 4 सौ 50 मैगावॉट की शौंगटौंग पन बिजली परियोजना को नवम्बर 2026 तक बनाकर तैयार कर लेगी। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के पूरा हो जाने पर प्रदेश सरकार के राज्य को आत्मनिर्भर बनाने के सपने को बल

मिलेगा। मुख्यमंत्री किन्नौर ज़िला के अपने दो दिवसीय दौरे के पहले दिन आज इस पन बिजली परियोजना के कार्य का जायज़ा लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भीषण आर्थिक संकट के बावजूद प्रदेश सरकार बेहतर कार्य कर रही है और कर्मचारियों से किया गया ओपीएस का वायदा सरकार ने निभाया है। उन्होंने कहा कि ओपीएस लागू करने के कारण प्रदेश की ऋण लेने की सीमा 16 सौ करोड़ रूपये कम कर दी गई है। इससे पूर्व ज़िला के दो दिवसीय दौरे पर आज सेना के चोलिंग हैलीपैड पहुंचने पर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी और अन्य कांग्रेस नेताओं व ज़िला प्रशासन के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

**हर्षवर्धन चौहान**

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि खराब वित्तीय स्थिति के बावजूद प्रदेश सरकार राज्य में विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है। हर्षवर्धन चौहान ने आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हिमाचल को केंद्र से नियमित मदद के अलावा कोई अतिरिक्त आर्थिक मदद नहीं मिली है। उन्होंने भाजपा सांसदों पर आर्थिक मदद के नाम पर झूठे दावे करने का आरोप लगाया। उन्होंने ये भी कहा कि अस्पतालों में पर्ची के पैसे लेने का फैसला रोगी कल्याण समितियों का है और इस फैसले से सरकार का कोई लेना–देना नहीं है।

———————————————————